# कार्यालय वनमंडलाधिकारी,पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल

E-mail ID :: dfotwchwara@mp.gov.in Fax (07162)246996

क्रमांक/मा.चि./2022/ 1945 छिन्दवाड़ा दिनांक 20/7/22

प्रति,

महाप्रबंधक
वे0को0फी0लिमि0
कन्हान क्षेत्र डुंगरिया

विषय :— जिला छिन्दवाड़ा वनमंडल पश्चिम के वन परिक्षेत्र दमुआ के वन कक्ष क्रमांक पी एफ — 441 एवं 365 में से रकबा 55.030 हे0 वन भूमि एवं ग्राम चिकटबर्री के विभिन्न खसरों का रकबा 2.588 हे. राजस्व वन भूमि कुल 57.618 हे0 वन भूमि में से एक्सटेंशन ऑफ नंदन—2 यूजी इन धाऊ नार्थ ब्लाक में कोयला उत्खनन हेतु वेस्टर्न कोल फील्डस कन्हान क्षेत्र को वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत प्रत्यावर्तन बाबत्।

संदर्भ :— आपका पत्र क्रमांक 1337 दिनांक 23.02.2022 एवं इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 779 दिनांक 10.03.2022 एवं आपका पत्र क्रमांक 1368 दिनांक 06.06.2022 एवं 1547 दिनांक 23.06.2022

— ✠✠✠ —

विषयांकित संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमंडल अंतर्गत दमुआ वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक पी एफ — 441 एवं पी एफ 365 में से रकबा 55.030 हे0 वन भूमि एवं ग्राम चिकटबर्री के विभिन्न खसरों का रकबा 2.588 हे. राजस्व वन भूमि कुल 57.618 हे0 वन भूमि वन भूमि में से एक्सटेंशन ऑफ नंदन—2 यूजी इन धाऊ नार्थ ब्लाक में कोयला उत्खनन हेतु प्रकरण प्रस्ताव क्रमांक /FP/MP/MIN/151657/2022 से ऑनलाईन किया गया है। इस कार्यालय के संदर्भित पत्रों से कमियों की पूर्ति हेतु प्रकरण आपकी ओर प्रेषित किया गया था किंतु आपके द्वारा अपूर्ण प्रस्ताव पुनः इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है जो खेद का विषय है।

अतः उक्त प्रकरण में निम्नानुसार बिंदुओं की पूर्ति कर प्रस्तुत करें।

1. प्रकरण का परीक्षण करने पर पाया गया है कि प्रस्तावित स्थल 4 पेचेस में है जिसकी लीज एरिया रकबा 112.640 हे0 लिया गया है जिसमें वन भूमि 57.618 एवं गैर वन भूमि 55.022 हे0 प्रस्तावित किया गया है। वन कक्ष क्रमांक पी एफ 441 की के.एम.एल. फाईल में रकबा 2.46 हे0 छूट रहा है किंतु लीज एरिया की के.एम.एल. फाईल में दिखाया गया है। स्पष्ट करें।

   इसी प्रकार वन कक्ष क्रमांक पी एफ 365 की के.एम.एल. फाईल में रकबा 2.740 हे0 छूट रहा है किंतु लीज एरिया की के.एम.एल. फाईल में दिखाया गया है। स्पष्ट करें।
2. प्रस्तावित खदान का मुहाना वन क्षेत्र में है या राजस्व क्षेत्र में उसका वनमानचित्र 1:50000 में डाया सहित अंकित कर प्रस्तुत करें।
3. प्रस्तावित खदान का डीजीटल वन मानचित्र में लीज एरिया का अस्थाई सीमांकन का अक्षांश—देशांस चिन्हित कर प्रस्ताव में संलग्न करें।

Dfo_West//Shoaib//cover 2022

4. प्रस्तावित स्थल की 3 के.एम.एल तैयार की गई है जिसमें स्थल के वन कक्ष 2 पेच में लिया गया है इनकी कनेक्टीविटी का वन मानचित्र स्केल 1:50000 में अंकित कर प्रस्तुत करें।

5. प्रस्तावित क्षेत्र का अस्थाई सीमांकन आपके द्वारा पूर्ण कर लिया गया है या नहीं स्पष्ट करें।

सहपत्र :– प्रस्ताव 5–5 प्रतियों में मूलतः वापस।

वनमंडलाधिकारी
पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल छिन्दवाड़ा

पृष्ठा.क्रमांक/मा.चि/2022/ 1946 छिंदवाड़ा, दिनांक/ 20/7/22

प्रतिलिपि :– (1) उपवनमंडलाधिकारी परासिया सा उपवनमंडल की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

(2) वनपरिक्षेत्राधिकारी दमुआ सा0 वनपरिक्षेत्र की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

वनमंडलाधिकारी
पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल छिन्दवाड़ा